अतिआवश्यक

राजस्थान सरकार

औषधि नियंत्रण संगठन, स्वास्थ्य भवन, तिलक मार्ग
जयपुर, राजस्थान

स्मरण-पत्र-II

क्रमांकः एफ/डीसी/लेखा/2012/ दिनांक

समस्त औषधि नियंत्रण अधिकारी,
राजस्थान

विषयः— सीडीएल कोलकाता के बिलों के भुगतान की सूचना

प्रसंगः—इस कार्यालय का पत्रांक डीसी/लेखा/सीडीएल/2012/29 दिः 22/03/12

प्रासांगिक पत्र के साथ सीडीएल कोलकाता से प्राप्त बकाया बिलों की सूची आपको प्रेषित की गयी थी जिसको Net पर upload भी करा दिया गया था और अपेक्षा की गयी थी कि सीडीएल कोलकाता के बकाया बिलों का भुगतान कराके वस्तुस्थिति की सूचना माह अप्रेल 2012 की एमपीआर के साथ उपलब्ध करा दी जावेगी। माह अप्रेल 2012 की एमपीआर के साथ उक्त सूचना आप द्वारा प्रेषित नहीं करने के कारण इस कार्यालय के पत्रांक 50 दिनांक 22/05/12 द्वारा आपको पुनः स्मरण कराया गया, परन्तु माह मई एवं जून 2012 की एमपीआर के साथ भी वांछित सूचना आप द्वारा उपलब्ध नहीं करायी गयी।

आपको यह स्मरण कराया जाता है कि सीडीएल कोलकाता के बकाया बिलों के भुगतान हेतु औषधि नियंत्रक भारत सरकार के द्वारा कई बार अधोहस्ताक्षरकर्ता को स्मरण पत्र प्राप्त हो चुके है। इन पत्रों के आधार पर आडिट द्वारा एक आक्षेप भी लिया हुआ है।

अतः आपको पुनः स्मरण कराया जाता है कि पत्रांक 29 दिनांक 22/03/12 के साथ प्रेषित सूची में उल्लेखित बिलों एवं अन्य प्रेषित बिलों के भुगतान की वस्तुस्थिति से माह जून 12 की एमपीआर के साथ अवश्य, [redacted] उपलब्ध करायें तथा इस तथ्य का उल्लेख एमपीआर में अलग कॉलम बनाकर करे।

Sd-
औषधि नियंत्रण
राज0,जयपुर

क्रमांकः एफ/डीसी/लेखा/2012/42 दिनांक 27/6/2012

प्रतिलिपिः—

1. समस्त सहायक औषधि नियंत्रक, राजस्थान को प्रेषित कर लेख है कि प्रकरण में व्यक्तिगत रूचि लेकर बकाया बिलों के भुगतान एवं वस्तुस्थिति से अवगत कराना सुनिश्चित करें
2. प्रभारी सेन्ट्रल सर्वर रूम। कृपया पत्र को Net पर upload करावें

औषधि नियंत्रण
राज0,जयपुर